सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
उत्तर प्रदेश -272202
Email: sidunikapilvastu@gmail.com

SIDDHARTH UNIVERSITY,
KAPILVASTU, SIDDHARTHNAGAR
UTTAR PRADESH-272202
Official: Website:www.suksn.edu.in

दिनांक–02/12/2024

## सूचना

उ० प्र० शासन के पत्रांक 8911/32 –जी. एस./2024 दिनांक : 01/12/2024 के अनुपालन में **'विकसित भारत युवा नेता संवाद'** कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं के प्रतिभाग की अपेक्षा की गई है । चार चरणों में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम चरण के रूप में **माय भारत पोर्टल (www.mybharat.gov.in)** पर दिनांक 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक **'विकसित भारत क्विज चैलेंज'** का आयोजन किया जा रहा है। तत्क्रम में विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के छात्र–छात्राओं की अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागिता अपेक्षित है। प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी हेतु शासन द्वारा जारी किया गया कार्यक्रम विवरण संलग्न है।

आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि उक्त क्विज चैलेंज में अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**विकसित भारत युवा नेता संवाद–राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 से संबंधित सभी विवरण एमवाई भारत प्लेटफॉर्म (https://mybharat.gov.in/) पर उपलब्ध होंगे ।**

02.12.24
**डॉ. रेनू त्रिपाठी**
(नोडल अधिकारी–राष्ट्रीय युवा दिवस)
सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग

12.2024
अधिष्ठाता–कला संकाय
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु
सिद्धार्थनगर–272202 (उ0 प्र0)
**प्रो. नीता यादव**
(कार्यक्रम समन्वयक)
अधिष्ठाता, कला संकाय

ई-मेल

# राज्यपाल सचिवालय,
# लखनऊ, उ0प्र0।

संख्याःई 8911 /32–जी0एस0/2024
दिनांक : 01/12/2024

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
उ0प्र0।

विषयः 'विकसित भारत युवा नेता संवाद (क्विज चैलेंज)' में अधिक से अधिक युवाओं को सहभागिता कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक माननीया राज्यपाल महोदया को सम्बोधित श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 30.11.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि माननीय केन्द्रीय खेल एवं युवा मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया द्वारा वर्चुअल बैठक में "विकसित भारत युवा नेता संवाद" कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं के प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

अतएव उपर्युक्त सम्बन्धित पत्र दिनांक 30.11.2024 की छायाप्रति समस्त संलग्नकों सहित प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद (क्विज चैलेंज)' में विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालय से अधिक से अधिक युवाओं का प्रतिभाग दिनांक 05.12.2024 तक सुनिश्चित करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक :- यथोपरि।

भवदीय

(डॉ0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

नेहरु युवा केन्द्र संगठन, उत्तर प्रदेश
Nehru Yuva Kendra Sangathan, Uttar Pradesh

स्वायत्तशासी संस्था
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
भारत सरकार

An Autonomous Body under the
Ministry of Youth Affairs & Sports
Government of India


Nehru Yuva Kendra Sangathan
नेहरु युवा केन्द्र संगठन

साथ-साथ
कल की ओर...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः नेयुकेसं–मायभारत / वि.भा.क्विजचैलेज / 2024 / 904 दिनांकः 30.11.2024

प्रतिष्ठा में

महामहिम राज्यपाल महोदया
उत्तर प्रदेश।

विषयः "**विकसित भारत युवा नेता संवाद**" कार्यक्रम में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सहभागिता कराने हेतु उ.प्र. के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को निर्देशित करने बाबत्।

आदरणीय महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सादर अवगत कराना है कि केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जी ने आज दिनांकः 30.11.2024 को माय भारत–एन.वाई.के.एस.(NYKS) एवं एन.एस.एस. (NSS) के सभी राज्य निदेशकों की वर्चुअल बैठक लेकर निर्देशित किया है कि सभी राज्य निदेशक अतिशीघ्र अपने–अपने राज्यों के महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर "**विकसित भारत युवा नेता संवाद**" में अपने राज्यों के युवाओं की ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागिता बढाने के लिए सभी विश्वविद्यालय को महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निर्देशित कराएं।

भारत के भविष्य को गढने में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के भविष्यदृष्टि को प्रतिध्वनित करते हुए इस वर्ष पुनर्कल्पित महोत्सव को "**विकसित भारत युवा नेता संवाद**" नाम दिया है। महोत्सव का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उनकी विशिष्टता में वृद्धि करना और विकसित भारत के लिए उन्हें अपने विचारों को शामिल करने का मंच प्रदान करना है। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण माननीय प्रधानमंत्री जी एवं देश–विदेश की जानी मानी हस्तियों से दिनांकः 11–12 जनवरी, 2025 को भारत मण्डपम दिल्ली में सीधे संवाद करने का अवसर होगा, इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु माय भारत पोर्टल(www.mybharat.gov.in) पर दिनांकः 25 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2024 तक "विकसित भारत क्विज चैलेंज" का आयोजन किया जा रहा है। विजेता 3000 युवाओं को उपरोक्त वर्णित हस्तियों से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा।

अतः महोदया आपसे विनम्र निवेदन है कि "विकसित भारत क्विज चैलेंज" पर प्रतिभागियों के अधिक से अधिक प्रतिभागिता हेतु उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय को अपने स्तर से आदेशित करने की महानत्तम कृपा करें।

संलग्नः 1.माननीय केन्द्रीय मंत्री युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार का नोट्स
2."**विकसित भारत युवा नेता संवाद**" कार्यक्रम का पम्पलेट।

सादर !

भवदीय

(महेन्द्र सिंह सिसोदिया)
राज्य निदेशक
94601–22545


क्षेत्रीय/राज्य कार्यालय : 2/112, विशाल खण्ड–2, निकट अम्बेडकर पार्क चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ–226 010 (उ०प्र०) दूरभाष : (0522)3513571
Regional/State Office : 2/112, Vishal Khand-2, Near Ambedkar Park Chauraha, Gomti Nagar, Lucknow-226 010 (U.P.), Ph.:(0522) 3513571
e-mail : sdnyksuttarpradesh@gmail.com, rdnykslkoup2021@gmail.com
मुख्यालय : भूतल, 4 जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001, दूरभाष : 011–23442800 / 23740725
Head Office : Ground Floor, 4 Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi-110001, Ph.: 011-23442800/23740725
*Visit us at http : //www.nyks.nic.in*


Scanned with CamScanner

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# डॉ. मनसुख मांडविया ने 'विकसित भारत युवा नेता संवाद', पुनर्कल्पित राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 की घोषणा की


## विकसित भारत युवा नेता संवाद युवाओं के लिए अपने विचार और दृष्टिकोण सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत करने का अनूठा अवसर होगा: डॉ. मांडविया

## माई भारत प्लेटफॉर्म पर विकसित भारत चैलेंज की शुरुआत होगी; डिजिटल क्विज़ 25 नवंबर 2024 को आरंभ होगा

## विकसित भारत युवा नेता संवाद युवा शक्ति का भव्य उत्सव होगा; भारत मंडपम में 3,000 प्रतिभाशाली युवा जुटेंगे

Posted On: 18 NOV 2024 2:33PM by PIB Delhi

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में परिवर्तनकारी पुनर्कल्पित राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 की घोषणा की। भारत के भविष्य को गढ़ने में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि को प्रतिध्वनित करते हुए पुनर्कल्पित महोत्सव को "विकसित भारत युवा नेता संवाद" नाम दिया गया है। यह ऊर्जस्वी मंच युवा भारतीयों को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में सहायक होगा।





Scanned with CamScanner

विकसित भारत युवा नेता संवाद के प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उनकी विशिष्टता में वृद्धि करना और विकसित भारत के लिए उन्हें अपने विचारों को शामिल करने का मंच प्रदान करना है। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल कराने का अवसर होगा। इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

> आज नई दिल्ली में National Youth Festival 2025 के विषय पर मीडिया को संबोधित किया।
>
> इस बार National Youth Festival को 'Viksit Bharat Young Leaders Dialogue' के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें देश के प्रत्येक राज्य से युवा MY Bharat पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत पर आधारित विभिन्न... pic.twitter.com/7QuA7gkcaR
>
> — Dr Mansukh Mandaviya (@mansukhmandviya) November 18, 2024

श्री मांडविया ने इस वर्ष के विकसित भारत युवा नेता संवाद के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष के महोत्सव में विचारपूर्वक दो प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। पहला, माननीय प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संबोधन में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले 1 लाख युवाओं को जोड़ने के आह्वान के अनुरूप नये युवा नेताओं को तैयार करना है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्देश्य नेतृत्व क्षमतावान युवा प्रतिभाओं की पहचान और उनकी विशिष्टताओं को संवारना है ताकि उन्हें माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत के लिए अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा करने का मंच प्रदान किया जा सके।

दूसरा उद्देश्य पारदर्शी और लोकतांत्रिक, योग्यता-आधारित चयन प्रणाली के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का सार्थक योगदान सुनिश्चित करना है। यह पहल भारत की प्रगति और विकास को आगे बढ़ाने के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाती है।




Scanned with CamScanner

डॉ. मांडविया ने युवा शक्ति की क्षमता का विकसित भारत के निर्माण में उपयोग की सरकार की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हुए सभी योग्य युवाओं से इस ऐतिहासिक संवाद में भाग लेने का आह्वान किया।

**Dr Mansukh Mandaviya**
@mansukhmandviya · **Follow**

इस प्रकार होगी 'Viksit Bharat Young Leaders Dialogue' की रूपरेखा।

#NationalYouthFestival

Watch on X

12:28 PM · Nov 18, 2024

327 Reply Copy link

Read 15 replies

## विकसित भारत चुनौती : चार-चरणीय प्रतियोगिता

**विकसित भारत युवा नेता संवाद** पुनर्कल्पित राष्ट्रीय युवा महोत्सव है, जिसमें भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भागीदारी प्रेरित करने की चार चरणीय प्रतियोगिता शामिल है।

### 1. पहला चरण : विकसित भारत प्रश्नोत्तरी

इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) प्लेटफॉर्म पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाले डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी।

### 2. दूसरा चरण : निबंध और ब्लॉग लेखन

इसमें पिछले चरण के विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे 'विकसित भारत के लिए तकनीक', 'विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना' आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता एमवाई भारत प्लेटफार्म पर भी आयोजित की जाएगी।

### 3. तीसरा चरण : विकसित भारत विज़न पिच डेक - राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां

Scanned with CamScanner

दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा।

### 4. चौथा चरण : भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

विभिन्न थीम-आधारित राज्य स्तरीय टीमें 11 और 12 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी। विजेता टीमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगी।

विकसित भारत युवा नेता संवाद - राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में तीन अलग-अलग क्षेत्रों से चयनित युवा शामिल होंगे। पहले समूह में विकसित भारत चैलेंज के प्रतिभागी शामिल होंगे। दूसरे समूह में जिला और राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से उभरे प्रतिभाशाली युवा भाग लेंगे, जहां वे चित्रकला, विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रदर्शन, भाषण प्रतियोगिता आदि विविध श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। तीसरे समूह में उद्यमशीलता, खेल, कृषि और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर प्रेरणास्रोत बनने वाले युवा शामिल होंगे। 11-12 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए कुल मिलाकर लगभग 3,000 युवाओं का चयन किया जाएगा।




### विकसित भारत युवा नेता संवाद - राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 की अन्य प्रमुख विशेषताएं

**विकसित भारत युवा नेता संवाद** में विकसित भारत चैलेंज के साथ-साथ कई उल्लेखनीय आयोजन होंगे:

1. **विकसित भारत प्रदर्शनी:** इसमें राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों की युवा-केंद्रित पहल दिखाई जाएंगी, जो युवा प्रतिभागियों को भारत के विकास दृष्टिकोण से जुड़ने का संवादात्मक मंच प्रदान करेंगी। इसमें राज्यों की प्रदर्शनियों में युवा-केंद्रित शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता संबंधी परियोजनाओं को दर्शाया जाएगा। मंत्रालय की प्रदर्शनी में युवा नेतृत्व, सामाजिक प्रभाव और नवाचार में युवाओं के लिए प्रमुख कार्यक्रम और अवसर प्रदर्शित किये जाएंगे।
2. **पूर्ण सत्र:** इसमें प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक जानी-मानी हस्तियों के साथ युवाओं का संवादात्मक संवाद और कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिसमें उन्हें विचारों का आदान-प्रदान करने, ज्ञान प्राप्त करने और प्रेरक व्यक्तित्वों से सीधे सीखने का विशेष अवसर मिलेगा।

Scanned with CamScanner


3. **भारत की विरासत का उत्सव:** नये राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जो "विकास भी, विरासत भी" के व्यापक दृष्टिकोण के साथ भारत की समृद्ध विरासत प्रस्तुत करेंगे। भारत की परंपराओं को साकार दर्शाने वाले प्रदर्शनों और प्रस्तुतियों के माध्यम से यह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने को प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में भारत के सभी राज्य शामिल होंगे, जिससे देशव्यापी भागीदारी और उत्सव में सबके शामिल होने को बढ़ावा मिलेगा।

> इस बार 'Viksit Bharat Young Leaders Dialogue' के रूप में #NationalYouthFestiva l मनाया जाएगा।
>
> यह युवाओं के लिए 'विकसित भारत' के निर्माण हेतु अपने ideas सीधा प्रधानमंत्री @NarendraModi जी को शेयर करने का अवसर बनेगा। pic.twitter.com/NsaJCuqZXc
>
> — Dr Mansukh Mandaviya (@mansukhmandviya) November 18, 2024

**विकसित भारत के लिए देश के युवाओं को सशक्त बनाना**

विकसित भारत युवा नेता संवाद एक महोत्सव से कहीं बढ़कर है, जो भारत के युवाओं को राष्ट्र की विकास यात्रा में सक्रिय योगदान के लिए सशक्त बनाने का आंदोलन है। विकसित भारत चैलेंज जैसी पहल के माध्यम से यह युवाओं को अपने विचार प्रदर्शित करने, सशक्त विचारवान नेताओं के साथ जुड़ने और विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने में योगदान का परिवर्तनकारी मंच प्रदान करता है।

विकसित भारत युवा नेता संवाद - राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 से संबंधित सभी विवरण एमवाई भारत प्लेटफ़ॉर्म (https://mybharat.gov.in/) पर उपलब्ध होंगे।




***

**एमजी/केसी/एकेवी/एसके**

(Release ID: 2074331) Visitor Counter : 349

Scanned with CamScanner

Read this release in: Assamese , Odia , Telugu , English , Khasi , Urdu , Nepali , Bengali , Bengali-TR , Punjabi , Gujarati , Tamil , Kannada , Malayalam

Scanned with CamScanner

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

Together Towards Tomorrow...



# विकसित भारत
## यंग लीडर्स डायलॉग
### "राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025"

11-12 जनवरी 2025
भारत मंडपम, नई दिल्ली

युवा शक्ति से जन भागीदारी

**3000+**
युवा होंगे राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 हेतु चयनित।

**15-29**
आयु वर्ग के युवा कर सकेंगे कार्यक्रम में प्रतिभाग।

**6 लाख+**
तक के नकद पुरस्कार जीत सकेंगे क्विज़ के प्रतिभागी।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण**

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का आयोजन "विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग" थीम पर होगा जिसमें 3,000 युवाओं को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष लोगों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए युवाओं का चयन 04 फेज द्वारा किया जाएगा जिसमें विजेताओं युवाओं को आकर्षक ईनाम भी मिलेंगे।

**चयन हेतु निर्धारित प्रक्रिया**

विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से 1,500 युवाओं का चयन होगा जिसमें पहले "विकसित भारत क्विज़ चैलेंज" से युवा चयनित होंगे जो विकसित भारत संबंधी विषयों पर निबंध लेखन मे शामिल होंगे और फिर निबंध से चयनित युवा राज्य स्तर पर अपने विकसित भारत आइडिया की प्रस्तुति देकर अंतिम रूप से 1,500 की अंतिम सूची हेतु चयनित होंगे।

## विकसित भारत क्विज़ चैलेंज

1. यह क्विज़ 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा।
2. 10 प्रश्नों के लिए 300 सेकंड का समय दिया जाएगा।
3. प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
4. क्विज़ में भारत की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।
5. क्विज़ के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता को ₹1,00,000/- का नकद पुरस्कार मिलेगा।
6. दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता को ₹75,000/- का नकद पुरस्कार मिलेगा।
7. तीसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता को ₹50,000/- का नकद पुरस्कार मिलेगा।
8. अगले 100 शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं को ₹2,000/- प्रति व्यक्ति सांत्वना पुरस्कार मिलेगा।
9. अगले 200 प्रतिभागियों को ₹1,000/- प्रति व्यक्ति अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार मिलेगा।
10. सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

विकसित भारत क्विज़ चैलेंज में प्रतिभाग करने के लिए QR कोड स्कैन करें अथवा निम्न लिंक पर जाएं।
https://mybharat.gov.in/

**MY Bharat (NYK) - Lucknow**

**युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार)**

Scanned with CamScanner